भारत सरकार द्वारा पंजीकृत R.N.I. No. RAJHIN/2014/56670
Postal Reg No. NGR/080 /2025-27
Postage Date 06/08 Pr Month
Licensed to post without prepayment
License No.-RJ/WRWPP/23/2025-27

# मासिक कामधेनु दर्शन

वर्ष-11 | अंक-8 | कुल पृष्ठ:36 | नागौर, शुक्रवार 1 मई, 2026 | प्रति कॉपी शुल्क: 20रू.

# गो सम्मान आह्वान अभियान

## गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हेतु हजारों गौभक्तों ने नागौर एस. डी. एम. को सौंपा ज्ञापन- महामण्डलेश्वर




महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज, महन्त जानकीदासजी महाराज, कामधेनु विद्यालय के संचालक दौलतजी सारण सहित हजारों महिला व पुरूषों ने नागौर एस. डी. एम. गोविन्दसिंहजी भिंचर व तहसीलदार नरसिंहजी टाक को ज्ञापन सौंपा।

अधिक जानकारी हेतु पृष्ठ 2,3,4,5,28,29,30 व 31 पर देखें...

# गो सम्मान आह्वान अभियान का आगाज



पशु प्रदर्शनी, मानासर, नागौर में संतों के सानिध्य में 38 हजार हस्ताक्षर पत्रक, गोवत्स व हजारों गौभक्तों के साथ गो सम्मान आह्वान अभियान रैली का किया शुभारम्भ- महामण्डलेश्वर

तहसील कार्यालय पर एस. डी. एम. व तहसीलदार को ज्ञापन देने के पश्चात् गोवत्स का तिलक कर, पुष्पमाला पहनाकर, गुड़ खिलाकर आरती करते हुए- महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज व जानकीदासजी महाराज



सम्पादक- अनिता सिरवी ( M.A., B.Ed. ) सह सम्पादक- पप्पूराम कस्वां ( B.A., B.Ed. )

प्रेषक-
विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय
जोधपुर रोड़, नागौर ( राज. )

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अनिता के लिए चौधरी प्रिंटींग प्रेस, किले की ढ़ाल से मुन्द्रित करा कर श्री कृष्ण गौसेवा समिति, एन.एच.62, जोधपुर रोड़, नागौर ( राज. ) से प्रकाशित। प्रकाशक- अनिता

# गो सम्मान आह्वान अभियान का आगाज

## पशु प्रदर्शनी से एस.डी.एम. कार्यालय तक उमड़ा गौभक्तों का जनसैलाब




महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज, महन्त जानकीदासजी महाराज, कामधेनु विद्यालय के संचालक दौलतजी सारण सहित हजारों महिला व पुरूष गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गो सेवा हेतु केन्द्रीय कानून व भारतवर्ष में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर नागौर एस. डी. एम. गोविन्दसिंहजी भिंचर व तहसीलदार नरसिंहजी टाक को ज्ञापन सौंपने जाते हुए गौभक्त

# गो सम्मान आह्वान अभियान



गोवंश संरक्षण का दिया संदेश, जोधपुर शाखा की टीम ट्रैक्टर-ट्रॉली में झांकी के साथ कलेक्टर को ज्ञापन देने जाते हुए




जोधपुर में संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व जोधपुर शाखा अध्यक्ष कालुरामजी प्रजापत ने मंडोर गार्डन से कलेक्टर ऑफिस तक निकाली रैली

# के तहत जोधपुर शाखा



'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्राप्त हो, गो सेवा हेतु केन्द्रीय कानून व भारतवर्ष में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर 27 अप्रैल को अपने-अपने नजदीकी तहसील मुख्यालय पर गौभक्तों द्वारा रैली निकालकर जिला व तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन दिया गया, इसके अन्तर्गत जोधपुर में साधु संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तो व जोधपुर शाखा के अध्यक्ष कालुरामजी प्रजापत इत्यादि ने मंडोर गार्डन से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम जोधपुर जिला कलेक्टर आलोकजी रंजन को हजारों हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग रखी।

# विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में

## विश्व की सर्वश्रेष्ठ पीड़ित गोवंश की सेवा होती हैं

# ऑपरेशन




2. मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक मील के नेतृत्व में गौमाता का ऑपरेशन करती हुई अनुभवी चिकित्सा टीम ( इनसेट में मृत बछड़ा )।

# प्रसव पीड़ित गौमाता का ऑपरेशन कर मृत बछड़े को निकाला, दिया नया जीवन



1.नागौर जिले की डेगाना तह. के ग्राम हबचर में नानुराम शर्मा पुत्र राधाकिशन की घरेलू गौमाता प्रसव पीड़ा से ग्रस्त थी, गौमाता को इलाज हेतु निजी वाहन से विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर लेकर आये।

3.ऑपरेशन के पश्चात् आराम से खड़ी गौमाता। उच्च गुणवत्ता-युक्त पौष्टिक आहार व दवाईयां देने से गौमाता कुछ ही दिनों में स्वस्थ हो जायेगी।



# विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय

## लाखों लोगों की आस्था का केन्द्र

# ऑपरेशन




2. मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. नागेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गौमाता का ऑपरेशन करती हुई अनुभवी चिकित्सा टीम (इनसेट में जीवित बछड़ा)।

# प्रसव पीड़ित गौमाता का ऑपरेशन कर जीवित बछड़े को निकाला बाहर



1. जोधपुर जिले की चामु तह. के ग्राम बारनाऊ से लिखमाराम पुत्र रामुराम गोरा अपनी घरेलू गौमाता जो प्रसव पीड़ा से ग्रस्त थी, इलाज हेतु निजी वाहन से विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, जोधपुर लेकर आये।



3.ऑपरेशन के पश्चात् खड़ी आराम करती हुई गौमाता व पास में बैठा स्वस्थ बछड़ा।

# विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में

## कलयुग में सतयुग जैसी सेवा

# ऑपरेशन



1.

1. फलौदी जिले की बाप तह. के बारू ग्राम में आसुसिंह पुत्र इन्द्रसिंह भाटी की घरेलू गौमाता का विस्फोटक पदार्थ खाने से जबड़ा बुरी तरह से बिखर गया, गौमाता को इलाज हेतु निजी वाहन से विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर लेकर आये। डॉ. अशोक मील ने बताया कि बेरहमी की हद होती है कुछ राक्षस प्रवृत्ति के लोग अपने स्वार्थ के लिए आटे में विस्फोटक पदार्थ की गोली डालकर गौमाता व अन्य जानवरों को खिला देते हैं, ऐसे तड़पते-बिलखते बेजूबान प्राणियों को गौभक्त इलाज हेतु विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय लेकर आते है।

# विस्फोटक पदार्थ खाने से गौमाता का बिखरा जबड़ा



2.मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक मील के नेतृत्व में गौमाता का जटिल ऑपरेशन करती हुई रात्रिकालीन अनुभवी चिकित्सा टीम।

3. उपचार के पश्चात् आराम से खड़ी गौमाता, जितने दिन गौमाता जीवित रहेगी उतने दिन गौमाता को नाल से दूध, इंजेक्शन व ग्लूकोज दिया जायेगा।



# विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में

## इंसानों की भांति होती है चिकित्सा सेवा

# ऑपरेशन




2. डॉ. अशोक मील के नेतृत्व में पीड़ित गौमाता का इलाज करती हुई अनुभवी चिकित्सा टीम।

# भीषण आग से जली गौमाता का इलाज कर पहुंचाई राहत




1.चूरू जिले की सरदार शहर तह. के बाजासर ग्राम के रामचन्द्र पुत्र भंवरलाल खीचड़ की घरेलू गौमाता अज्ञात कारणों से छपरे में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। जिससे गौमाता के शरीर पर गंभीर घाव हो गये, गौमाता को इलाज हेतु निजी वाहन से विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर लेकर आये।

3.उपचार के पश्चात् आराम से खड़ी गौमाता। उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक आहार व मेडिसिन देने से कुछ ही दिनों में पूर्णरूप से स्वस्थ हो जायेगी।



# विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में चिकित्सकों ने असम्भव को सम्भव कर दिखाया

# ऑपरेशन




2.मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक मील के नेतृत्व में गम्भीर घायल साण्ड का ऑपरेशन करती हुई अनुभवी चिकित्सा टीम

# साण्ड का रुमन आया बाहर ईलाज कर पहुंचाई राहत



1.फलौदी जिले के मानेवड़ा ग्राम में दो साण्डों की आपसी लड़ाई में एक साण्ड का रूमन फटकर बाहर आ गया, साण्ड को इलाज हेतु महिपालसिंह पुत्र केवलराम बिश्नोई निजी वाहन से विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर लेकर आये।

3. उपचार के पश्चात आराम से खड़ा साण्ड।



# सामूहिक विवाह




सम्मेलन के आयोजक भंवरलालजी सिरवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए- महामण्डलेश्वर




पूज्य संत श्री मनोहरदासजी महाराज को रजत स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए- महामण्डलेश्वर




श्री आईजी नगर, सोमेसर, पाली में श्री भागीरथी गौसेवा संस्थान में सिरवी परिवार द्वारा आयोजित प्रथम बार 108 कन्याओं का सनातनी सर्वजातीय सामूहिक नि:शुल्क विवाह सम्मेलन में प्रवचन देते हुए- महामण्डलेश्वर

# सोमेसर, पाली




कैबिनेट मंत्री अविनाशजी गहलोत को कामधेनु दर्शन पुस्तक देती हुई– सम्पादक अनिताजी सिरवी



पूर्व सांसद पुष्पजी जैन, पाली वालों को चाँदी की तस्वीर देते हुए– महामण्डलेश्वर



श्री आईजी नगर, सोमेसर, पाली में श्री भागीरथी गौसेवा संस्थान में सिरवी परिवार द्वारा आयोजित प्रथम बार 108 कन्याओं का सनातनी सर्वजातीय सामूहिक नि:शुल्क विवाह सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

# घांची परिवार ने बनायी 100 कड़ाही लापसी



विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरीजी महाराज के सानिध्य में गणेशाजी घांची परिवार के सदस्य हड़मानारामजी, सोहनलालजी, रमेशकुमारजी व जेठारामजी घांची ( गणेशाजी का परिवार ), काजु फैक्ट्री वाले, निवासी बावड़ी, जालौर वालों ने पीड़ित गोवंश हितार्थ 20 कड़ाही लापसी बनवाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया, ज्ञात रहे घांची परिवार ने 4.3.26 तक पीड़ित गोवंश हितार्थ 100 कड़ाही लापसी बनवा दी है, प्रतिमाह पीड़ित गोवंश हितार्थ 20 कड़ाही लापसी बनवायेंगे।

# अनाथ गोवंश




अनाथ गोवंश विश्राम स्थली के नीचे स्वच्छंद विचरण करते हुए गोवंश

संस्था द्वारा अनाथ गोवंश के छाया हेतु टिनशेड, पानी व चारा हेतु खेळिया व साफ सुथरी जगह की व्यवस्था की गई हैं।

यहाँ पर स्वच्छंद विचरण से गाय अपनी इच्छानुसार धूप, खुली हवा, छाया, नरम व सूखी जगह आराम से बैठ सकती हैं।

प्यास लगने पर स्वच्छ पानी पी लेती है, भूख लगने पर सूखा व हरा चारा चरने जाती है इन सब कारणों से गाय का स्वास्थ्य सही रहता हैं।

गाय के जगह-जगह पर गोबर और गोमूत्र करने से मिट्टी उपजाऊ होती है, इससे खेतों में फसल अच्छी होती है, जंगलों व पहाड़ों पर हरियाली बढ़ती है, इसलिए पुराने समय में राजा व सेठ गायों के लिए गोचर भूमि का प्रबन्ध करते थे।

# विश्राम स्थली




## विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय द्वारा बेसहारा गोवंश हेतु शिविर

**इस भीषण गर्मी में गोवंश की भयंकर दुर्दशा न हो इस हेतु बेसहारा गोवंश के लिए तीन जगहों पर विश्राम स्थली की व्यवस्था की हैं।**

तीनों शिविरों में बेसहारा गोवंश हेतु 24 घण्टे आर.ओ. प्लांट का मीठा पानी उपलब्ध हैं प्रतिदिन हरा चारा, सूखा चारा व गुड़ डाला जा रहा है जिससे बेसहारा गोवंश के दो माह आराम से निकल जायेंगे, वर्तमान में 3 शिविर लगाये हैं जिसमें करीब 200 अनाथ गोवंश हैं।

**मई व जून इन दो माह में भीषण गर्मी पड़ती है और इस गर्मी में बेसहारा गोवंश भूखे-प्यासे चारा -पानी की तलाश में दर-दर भटकते रहते हैं।**

महामण्डलेश्वर ने गौभक्तों व गौहितार्थ संगठनों से आग्रह किया है कि इस भयंकर गर्मी के 2 माह में अपने क्षेत्र के आस-पास भटक रहे भूखे- प्यासे बेसहारा गोवंश हेतु चारे-पानी की व्यवस्था करें और अपने घरों के बाहर पानी की खेळी रखे और प्रतिदिन पानी डाले ताकि किसी गोवंश को पानी की किल्लत से ना जूझना पड़े।

यह 2 माह ही गोवंश के लिए परेशानी का समय है। बाकी 10 माह में गोवंश हेतु चारा, पानी की व्यवस्था नहीं करते है तो अनाथ गोवंश अपने आप चारा खा लेते है व पानी पी लेते हैं।

**वर्ष में 2 माह का विशेष शिविर पिछले 18 वर्षो से लगाते आ रहे है।**

# अनाथ गोवंश की दुर्दशा



2 महिने भीषण गर्मी के समय में तालाबों का पानी सूख जाता है व नजदीकी क्षेत्रों में पर्याप्त चारा नहीं मिलता है, जिससे अनाथ गोवंश की भूख-प्यास से हालात खराब होती जा रही है, उनमें कैल्शियम की कमी आ जाती है, जिसके कारण वो उठ नहीं पाते और उनका शरीर भी कमजोर हो जाता है, ऐसी परिस्थितियों में अगर गोवंश को समय पर चारा-पानी व प्राथमिक उपचार नहीं मिलता है, तो धीरे-धीरे कमजोरी के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। सभी गौभक्तों व गौहितार्थ संगठनों से आग्रह है कि गर्मी के समय गोवंश हेतु जगह-जगह पर चारे व पानी की व्यवस्था करके गोवंश का संरक्षण करें।

# अनाथ गोवंश हेतु यह उपाय करें– महामण्डलेश्वर



गर्मियों के दो माह में सबसे अधिक कष्ट भटक रहे भूखे–प्यासे बेसहारा गोवंश को झेलना पड़ रहा है–

महामण्डलेश्वर

## अनाथ गोवंश हेतु यह उपाय करें– महामण्डलेश्वर

मई–जून 2 माह अनाथ गोवंश के लिए भारी संकट के माह है। पहला– इन 2 माह के अन्दर तालाब, नाडी इत्यादि में पानी सूख जाता है, दुसरा– खेतों में हरा चारा नहीं रहता है, तीसरा– भीषण गर्मी की मार पड़ती है इन गोवंश पर।

सभी गौभक्तों व गौहितार्थ संगठनों से निवेदन है कि घर के बाहर पानी की खेळी रखें और उसमें सुबह–शाम एक–एक बाल्टी पानी डाले व घर का बचा हुआ अन्न डाले। जिससे एक पंथ तीन काज अन्नदान, जलदान व गोदान हो जायेगा। बाकि 10 महीने गोवंश अपने आप खेतों में चारा चर लेते है, नाडी, तालाब इत्यादि में पानी पी लेते है।

# भादू परिवार



बस स्टैण्ड, रोटू, नागौर में स्थानीय ग्रामवासियों ने 4 जे.सी.बी से पुष्पवर्षा कर महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज का धूमधाम से स्वागत किया।



मुख्य व्यवस्थापक श्रवणजी बिश्नोई को कामधेनु पुस्तक देते हुए- महामण्डलेश्वर



बिश्नोई परिवार के कुशल मंगल हेतु संकीर्तन करते हुए- महामण्डलेश्वर

# शादी कार्यक्रम








गुरू जम्भेश्वर भगवान मंदिर के पीछे, ग्राम रोटू, जिला नागौर में श्रीमती राजू देवी धर्मपत्नी पूर्णमलजी भादू की सुपुत्रियों के विवाह कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज को साफा, पुष्पमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया, पश्चात् महामण्डलेश्वर ने संगीता, ज्योति व कविता सुपुत्री पूर्णमलजी बिश्नोई को रजत स्मृति चिन्ह भेंट कर वैवाहिक जीवन सुखद व मंगलमय हो इस हेतु आशीर्वाद दिया, इस दौरान महामण्डलेश्वर ने भादू परिवार के कुशल मंगल हेतु संकीर्तन कर आशीर्वाद दिया।

# बागनाडा कार्यक्रम



श्री गोविन्द गोपाल गौशाला, बागनाडा में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में मूर्तियों पर पुष्पमाला पहनाकर, पूजा अर्चना की- महामण्डलेश्वर

सैनाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी अचलानन्दजी महाराज, जोधपुर वालों ने श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरीजी महाराज को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, गौमाता का मोमेन्टो व बाबा रामदेवजी महाराज की चांदी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।



# राठौड़ी कुआं में श्याम कीर्तन



खाटू श्याम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वन्दना करते हुए- महामण्डलेश्वर



श्री श्याम कीर्तन एवं भजन संध्या कार्यक्रम में आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए- महामण्डलेश्वर



राठौड़ी कुआं पार्क के पास, राठौड़ी कुआं, नागौर में श्री श्याम कीर्तन भजन संध्या कार्यक्रम महामण्डलेश्वर के सानिध्य में हुआ, इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगण का दृश्य

# गो सम्मान आह्वान अभियान




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना नांगल चौधरी तहसील महासचिव सुनीलजी स्वामी अपनी टीम के साथ तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना राष्ट्रीय सचिव ( पू.भारत ) अरविन्दजी पारीक अपनी टीम के साथ एस. डी.एम व तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए




सिरोही में संतो के सानिध्य में गौभक्तों व कामधेनु सेना मकराना नगर मीडिया प्रभारी हेमराजजी सैन अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना मकराना नगर मीडिया प्रभारी हेमराजजी सैन अपनी टीम के साथ तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए

# गो सम्मान आह्वान अभियान




शिवगंज, सिरोही में कामधेनु सेना शिवगंज तहसील अध्यक्ष नाथारामजी देवासी अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना विजयनगर तहसील अध्यक्ष राकेशजी पूनियां अपनी टीम के साथ तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए




छतरगढ़, बीकानेर में कामधेनु सेना छतरगढ़ तहसील अध्यक्ष गणेश सुथार अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




लूणी, जोधपुर में राजस्थान प्रदेश सचिव किशोरसिंह दुधिया व प्रदेश प्रवक्ता हनुमानदास तंवर अपनी टीम के साथ तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देते हुए

# गो सम्मान आह्वान अभियान




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना राजस्थान प्रदेश प्रभारी बगतारामजी गोदारा अपनी टीम के साथ एस.डी.एम. को प्रार्थना पत्र देते हुए




संतो के सानिध्य में हजारों गौभक्तों व कामधेनु सेना उत्तर प्रदेश राज्य कार्य. सदस्य अक्षयजी रेगर अपनी टीम के साथ एस. डी.एम को प्रार्थना पत्र देते हुए




कामधेनु सेना बावड़ी नगर मीडिया प्रभारी अजयपाल सांखला अपनी टीम व गौभक्तो के साथ उपखण्ड अधिकारी को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




बाली, पाली में कामधेनु सेना बाली तहसील सदस्य कुशालजी गहलोत ने अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए

# गो सम्मान आह्वान अभियान




रावला मंडी, श्रीगंगानगर में कामधेनु सेना घड़साना ग्राम प्रभारी रवीन कुमार बिश्नोई अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




शिव, बाड़मेर में कामधेनु सेना नागड़दा ग्राम मीडिया प्रभारी लालारामजी साहु अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




बालोतरा, बाड़मेर में कामधेनु सेना बामणी ग्राम उपाध्यक्ष मोमतारामजी प्रजापत अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए




पावटा, कोटपुतली बहरोड़ में कामधेनु सेना पावटा तहसील सचिव सचिनजी शेखावत अपनी टीम के साथ तहसीलदार को हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देते हुए

# सामूहिक विवाह




सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रवचन देते हुए- महामण्डलेश्वर




समिति के संयोजक आनन्दीलालजी झाडोलिया को चाँदी की तस्वीर देते हुए- महामण्डलेश्वर

## धन का उपयोग कैसे करें–महामण्डलेश्वर

महामण्डलेश्वर ने धन का उपयोग कैसे करें प्रसंग देते हुए कहा कि एक संत गौशाला में प्रवचन दे रहे थे, संत अपने प्रवचन में धन की निंदा करते थे। वे प्रतिदिन अपने प्रवचन में ज्ञान की बातें किया करते थे। सभी व्यक्ति उनके उपदेशों की प्रशंसा करते थे। उनका प्रवचन सुनने धनी, निर्धन आदि सभी वर्गो के व्यक्ति आया करते थे।

उनके प्रवचन से ज्ञान पाते थे और अपनी सभी शंकाओं का समाधान उनसे पूछते थे। वे जब भी धन संग्रह की निंदा करते, तो धनवान व्यक्तियों को बुरा लगता। उन धनवान व्यक्तियों में एक धनी व्यक्ति को यह बात सबसे अधिक बुरी लगती। अगले दिन प्रवचन के बाद उस धनी व्यक्ति ने गौमाता हेतु सौ रूपए दिये। संत सहित सभी व्यक्तियों ने उस धनी व्यक्ति के सौ रूपये देने की प्रशंसा करने लगे।

तब धनी व्यक्ति ने संत से कहा- आप धन संग्रह को बुरा कहते है और अब आप प्रशंसा किसकी कर रहे है।

संत ने कहा, यह प्रशंसा धन की नही है, आपके दान की है। धन तो आपके पास बहुत है। धन का संग्रह अच्छा नही है। धन का दान ही उसकी श्रेष्ठता है।

# सरवाड़, अजमेर



श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी जी महाराज ने श्री भीमेश्वर महादेव मन्दिर, सरवाड़, जिला अजमेर में श्री क्षत्रिय फुल मालियान सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित प्रथम आदर्श सामुहिक विवाह में 111 नव विवाहित जोड़ो का दाम्पत्य जीवन सुखद व मंगलमय हो इस हेतु आशीर्वाद दिया।



सामूहिक विवाह सम्मेलन में हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब जिसमें महिला-पुरुष की ओर का दृश्य

एम्बुलेन्स नं. 8696943714 PAN Card No. ABCAS1441D गोदान पात्र नं. 8696946698

# श्री कृष्ण गोपाल गो सेवा समिति

जयपुर-पाली बाईपास, ग्राम रलावास, पो. लोरड़ी पण्डितजी, तह. व जिला जोधपुर ( राज. ), पिन कोड नं. 342037

## SHRI KRISHAN GOPAL GAU SEVA SAMITI, JODHPUR

ICICI A/c No. 683001700585, IFSC Code -ICIC0006830, SBI A/c No.41515647040 IFSC Code-SBIN0051092

## भारत में ऐसी बड़े स्तर पर अद्भुत सेवाएं अन्यत्र कहीं नही

1.विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में लावारिस दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को लाने हेतु 18 पशु एम्बुलेन्स की व्यवस्था है। 2.जिस स्थान से दुर्घटनाग्रस्त गोवंश लाये जाते हैं स्वस्थ होने के पश्चात् गोवंश को पुनः उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है। 3.मालिक अपने घरेलु बीमार गोवंश लेकर आते है तो उनको एक बीमार गोवंश के बदले में एक स्वस्थ गोवंश वापस दिया जाता है अगर वो स्वस्थ गोवंश नही लेते है तो उन्हे 3500 रू. की रसीद कटवानी पड़ेगी। 4. गौशालाओं से एक बीमार गोवंश लेकर आते है तो उनको भी एक बीमार के बदले में एक स्वस्थ गोवंश दिया जाता है, अतिरिक्त गोवंश ले जाने पर गो चिकित्सालय की तरफ से प्रति गोवंश 2100 रू. दिये जाते हैं। 5. तीन पैर व चार पैर के विकलांग गोवंश तैयार हो जाते है तो अन्य गौशालायें यहां से गोवंश ले जाती है कारण विकलांग गोवंश को सरकार 12 महीने अनुदान देती है। 6. जब अनुदान के लिए वर्ष में 2 बार स्वस्थ गोवंश की गिनती होती है तब अनेक गौशालाओं में गोवंश गिनती में कम होता है तब यहां से स्वस्थ गोवंश समय-समय पर लेकर जाते है। 7. निजी वाहन, वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन के वाहन द्वारा आते हैं, ऐसे वन्य जीवों को लिया जाता है। 8.वन्य जीवों को स्वस्थ होने पर गो चिकित्सालय वन विभाग को सुपुर्द कर देता है। 9.गो चिकित्सालय में स्वस्थ गोवंश एवं दूध देने वाली गायों को नहीं रखा जाता और ना ही लिया जाता है। 10. जो स्थान एम्बुलेंस क्षेत्र की परिधि से बाहर है, ऐसे स्थान पर लावारिस गोवंश दुर्घटनाग्रस्त हो गया हो तो वहां के संस्था से जुड़े दानपात्र सदस्य किराये का वाहन कर घायल गोवंश को गो चिकित्सालय में भिजवा दें, वाहन किराया में कुछ राशि कम रहती है तो उस राशि का भुगतान गो चिकित्सालय द्वारा कर दिया जायेगा। 11.रात्रि में कोई लावारिस गोवंश दुर्घटनाग्रस्त हो गया है,जो संस्था से जुड़े हुए है वह किराये का वाहन कर घायल गोवंश को गो चिकित्सालय में भिजवा दें, किराये में कुछ राशि कम रहती है तो उस राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।




विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय नागौर की जोधपुर शाखा ग्राम रलावास, जिला जोधपुर का विहंगम दृश्य

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, जोधपुर का क्यू.आर. कोड

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में विश्व की सर्वश्रेष्ठ पीड़ित गोवंश की हो रही सेवा से संतुष्ट हैं तो आप इच्छानुसार क्यू. आर. कोड स्केन कर गोदान कर सकते हैं। ऑनलाईन रसीद प्राप्ति हेतु सम्पर्क करें कालुराम प्रजापत- 8696943742

गौशाला - 9549272222
जोधपुर शाखा- 8696946646
कामधेनु सेना - 9982274444

kushal._giri_ji_maharaj_1008
vsgcnagaur

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर व जोधपुर
Kushal giri ji maharaj 1008, Kamdhenu Sena

Vishwa Stariya Gau Chikitsalaya Nagaur And Jodhpur, Kamdhenu sena

एम्बुलेन्स नं.
9214926790

E-mail : godhamsevatirth@gmail.com
Website : www.gaulokmahatirth.com
PAN Card No. AAJTS6127P

गोदान पात्र नं.
9269344065

# श्रीकृष्ण गोपाल गो सेवा समिति

N.H.- 62, जोधपुर रोड़, नागौर ( राज. ), पिन कोड नं. 341001

SHREE KRISHANA GOPAL GOUSEVA SAMITI, NAGAUR
AXIS A/c No. 912010003522032, IFSC Code -UTIB0001384
SBI A/c No. 61063361017, IFSC Code - SBIN0031528
UNION A/c No. 592401010050102, IFSC Code-UBIN0559245

**संस्था को दिया गया गोदान आयकर अधिनियम–1961 की धारा–80 जी. के अन्तर्गत 50 प्रतिशत नियमानुसार कर में छूट के योग्य है।**

## सहयोग के प्रकार

1. एक बीघा जमीन का भाव-26,00,000/- रूपये।
2. बड़ा चारा गोदाम-12,00,000 /- रूपये।
3. बीमार गोवंश की दवाईयां प्रतिमाह 9,00,000/- रूपये
   एक दिन की दवाईयां-30,000 /- रूपये
4. एक माह का पौष्टिक आहार-7,50,000 /- रूपये
   एक दिन का- 25,000 /- रूपये
   एक कढ़ाई दलिया ( पौष्टिक आहार )-2100/- रू.
5. एक दिन की लापसी -51,000 /- रूपये
   एक कढ़ाई लापसी -5100/- रू.
6. ट्रेक्टर-6,50,000 /- रूपये
7. पशु एम्बुलेन्स ( बुलेरो माईक्रो हाईब्रेड )-7,00,000/ रू.
8. गो चिकित्सालय का एक दिन का खर्च- 6,25,000/ रू.
9. मेडिकल कक्ष निर्माण खर्च - 3,50,000 /- रूपये
10. बांटा स्थली टीनशेड ( 18 x 90 )- 2,25,000/- रू.
11. गौमाता हेतु टीनशेड-1 ( 18 x 108 )- 3,25,000/- रू.
12. गौमाता हेतु टीनशेड-1 ( 18 x 54 )- 1,65,000/- रू.
13. जोधपुर शाखा टीनशेड-1 ( 18 x 90 )- 2,25,000/- रू.
14. साधु, साध्वियों, यात्रियों हेतु कमरा ( 20 x 14 )
    4,25,000/- रूपये, बरामदा- 75,000/ - रूपये
15. घायल वन्यजीवों हेतु पिंजरा जोधपुर शाखा 40,000/ - रू
16. एक घायल गौमाता का ऑपरेशन+चिकित्सा 25,000/- रू.
17. एक गौमाता की चिकित्सा - 11,000 रूपये
18. गौमाता हेतु रैम्प-35,000/- रू.
19. गौमाता हेतु एक ठाण- 31,000/- रू.
20. गौमाता हेतु एक दिन का सूखा चारा-31,000/ - रू.
21. गौमाता हेतु एक दिन का हरा चारा-21,000/-रू.
22. गौमाता हेतु पानी की खेळी- 21,000/- रू.

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर का क्यू.आर. कोड

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में विश्व की सर्वश्रेष्ठ पीड़ित गोवंश की हो रही सेवा से संतुष्ट हैं तो आपश्री अपनी इच्छानुसार क्यू.आर. कोड स्केन कर गोदान कर सकते हैं। ऑनलाईन रसीद प्राप्ति हेतु सम्पर्क करें- विक्रम शर्मा मो.8239794446




आधा किमी लम्बें विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर का विहंगम दृश्य

# पुष्पा की अनूठी सेवा

जीवदया को समर्पित है पुष्पाजी का जीवन-गोवंश, पशु-पक्षियों हेतु 39 हजार कुण्डिया कर दी अब तक निःशुल्क वितरण

कियेजा तु जग में भलाई का काम।
तेरे दुख दुर करेंगे श्री राम।।



समाजसेवी, जीवदया प्रेमी पुष्पाजी गहलोत अनेक बड़े मंच पर सम्मानित हो चुकी है, महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज पुष्पाजी गहलोत को सम्मानित करते हुए।

## जीना इसी का नाम है

पुष्पाजी गहलोत
7742745060

धन्य है पुष्पाजी का जीवन -पिछले 6 वर्षो से पशु-पक्षियों हेतु निःशुल्क कुण्डिया वितरण करने का पुनीत कार्य कर है।

2026 में इन्होने 5 हजार कुण्डिया वितरण करने का लक्ष्य रखा है, प्रतिदिन जीवदया प्रेमी आते है इनके घर कुण्डिया लेने।

प्रतिदिन 45-50 कुण्डियों से भरी पिकअप गाड़ी अपने निवास स्थान 8 मील, जोधपुर मंगवाकर वितरण करते है।

राष्ट्रहित, धार्मिक, जनहित, गोहितार्थ, पर्यावरण हेतु ज्ञापन और सत्संग व कथा कार्यक्रमों में भी आप सक्रिय रहती है।

लाख करों पुजा चाहे,
तीर्थ करो हजार।
जीवों पर दया नहीं,
तो सब कुछ है बेकार।।
-पुष्पा गहलोत

श्रीमान् ..............................................................

..............................................................

..............................................................

..............................................................